हरिभूमि- कांकेर भूमि
रायपुर, बुधवार, 20 अगस्त 2025
[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]

तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

12 ओवरफ्लो परलकोट जलाशय का मनोरम...


12 भवन निर्माण में मनमानी का विरोध, युवकों ने रैली...


मनमानी : कांकेरवासियों ने प्रशासन और कंपनी से सड़क बनाने की मांग की

# लौह अयस्क परिवहन से कांकेर-भानुप्रतापपुर मार्ग की परतें उखड़ीं, लाखों जनता हैं परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- लौह अयस्क परिवहन से केवल 5 प्रतिशत को मिल रहा लाभ, 95 प्रतिशत जनता हो रही परेशान
- रसूखदार और नेताओं के वाहन लगे होने के कारण अधिकारी कार्रवाई करने नहीं आ रहे सामने

नारायणपुर जिला से लौह अयस्क का परिवहन कांकेर से भानुप्रतापपुर होते हुए होने से कांकेर से भानुप्रतापपुर की सड़क की परते उखड़ गई है। धनेलीकन्हार से भानुप्रतापपुर तक सड़क की ऐसी हालत हो गई है कि वाहन का चलाना खतरे से कम नहीं है। जिले की लाखों जनता परेशान हो रही है। लौह अयस्क में जिले के केवल 5 प्रतिशत लोगों को लाभ हो रहा है, परंतु नुकसान 95 प्रतिशत जनता को उठाना पड़ रहा है। सरकार को लौह अयस्क खदान संचालको से सड़क बनवाने की पहल करना चाहिए, जिससे कांकेर की परेशान लाखों जनसंख्या को राहत मिल सके। जानकारी के अनुसार नारायणपुर के छोटेडोंगर से निकलने वाला लौह अयस्क 16 चक्का वाले ट्रक दल्ली राजहरा के गिदाली जाते है, जो कांकेर से भानुप्रतापपुर होते हुए जाते है।



अंजरेल और ब्लॉंक वन से निकलने वाले हाईवा कांकेर से भानुप्रतापपुर होते हुए अंतागढ़ जा रहे है। कोई भी वाहन लौह अयस्क सहित 45 टन का होता है। ऐसे भारी वाहनों के लगातार गुजरने के चलते सड़को की परते बहुत जल्द निकलने लगती है। कांकेर जिला मुख्यालय होने के चलते कोरर, अंतागढ़ भानुप्रतापपुर, दुर्गूकोंदल, पखांजुर के लाखों लोगों का आना जाना रहता है। यह जनता बेवजह परेशान होती रहती है। रोड टैक्स पटाने के बाद जर्जर रोड से उनको प्रतिदिन वाकिफ होना पड़ता है। कांकेर से धनेलीकन्हार की सड़क 6 माह पहले ही उन्नीयकरण हुई है, तो उसकी हालत ठीक है, इस सड़क पर देवरी और मरकाटोला के पास बहुत बड़ा गड़ढा हो गया है, यानी सड़क धंस गई है। इसके अलावा धनेलीकन्हार से भानुप्रतापपुर तक पूरी सड़क की परते निकल चुकी है। हर कदम में गड्ढे हो गए है। ऐसी हालत केवल लौह अयस्क के वाहन जब से चलना शुरू हुआ है, तब से हो गए है। इस दुर्दशा से सभी वाकिफ है, परंतु बोलने के लिए कोई तैयार नहीं है। आमजनता परेशान हो रही है, जिसकी कोई नहीं सुनता है।



**5 प्रतिशत लाभ और 95 प्रतिशत परेशानी**

लौह अयस्क का परिवहन करने में अधिकतक ट्रक एवं हाईवा रसूखदार लोगों के लगे हुए है और वाहनों को रोकने का कोई प्रयास करता है, तो रसूखदार राजनैतिक संरक्षण का लाभ लेकर वाहनों को रोकने वालों को धमकाते है। क्षेत्र की जनता कह रही है कि रसूखदार 5 प्रतिशत लोगों को ही लाभ लौह अयस्क से मिल रहा है, 95 प्रतिशत लोग इनके चलते परेशान हो रहे है।

### अधिकारी बोलने को नहीं है तैयार

कांकेर से भानुप्रतापपुर की आधी सड़क कांकेर लोक निर्माण विभाग और आधी सड़क भानुप्रतापपुर लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत आती है। दोनो विभाग बारिश में मुरूम से केवल गड्ढो को गैंगमेन के माध्यम से भरवा रहे है, परंतु यह बोलने को तैयार नहीं है कि लौह अयस्क वाहनों के कारण सड़क की ऐसी दुर्गति हुई है। उसका बड़ा कारण यह है कि इन वाहनों में कई वाहन नेताओं, माईंस मालिक के खदान के अधिकारियों और छूटभैया नेताओं के है।

### कंपनी वालों से बनवानी चाहिए सड़क

कांकेर जिले की जनता की माँग है कि सड़क की दुर्दशा लौह अयस्क में लगे भारी वाहनों के कारण हुई है। इस सड़क को बनाने के लिए माईंस के मालिकों से पैसा वसूल करके सड़क बनवाना चाहिए। इसी शर्त पर ही वाहनों को आने जाने की परमीशन दिया जाना चाहिए। सरकार ने इस पर ध्यान नहीं दिया तो आने वाले समय में गाँव के लोग सड़को पर उतरकर सड़क बनाने की माँग कर सकते है। जिम्मेदारों के पास अभी भी समय है कि कंपनी से पैसा जमा करवाने की प्रकिया शुरू कर दे और बारिश समाप्त होते ही रोड को नए ढंग से बनाने की प्रकिया शुरू कर दी जाए। मरम्मत से काम चलने वाला नहीं है।

श्री शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc(N)
M.Sc.(N) P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 7869513804
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com

खबर संक्षेप




### हाई स्कूल मरोड़ा में साइकिल वितरित

**पखांजुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मरोड़ा में कक्षा 9 वीं के 24 छात्राओं को जिला पंचायत सदस्य सुनीता मंडल ने छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी सरस्वती साइकिल योजना के तहत साइकिलें वितरित किया। उन्होने संबोधन में सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि सरकार सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों को सभी तरह की सुविधाएँ दे रही है। इस योजना से स्कूल से दूर रहने वाले छात्रों को आवागमन की सुविधा मिलेगी। इस अवसर सरपंच दामला मंडावी, उप सरपंच मोहन भवाल, बांदे मंडल महामंत्री विशाल राय, उपाध्यक्ष आशिमा साहा, समिति अध्यक्ष सुखी विश्वास, प्राचार्य परितोष राय, व्याख्याता सत्यवान वैद्य, अनीता घरामी, सहित छात्र उपस्थित रहे।

## नक्सलियों ने टांगे बैनर-पोस्टर, मुखबिरी के नाम पर एक ग्रामीण की हत्या की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर/पखांजुर

नक्सलियों ने बिनागुंडा के एक युवक की मुखबिरी के नाम पर हत्या करते हुए बैनर लगाया है और हत्या करना स्वीकार करते हुए, पुलिस के मददगारों का नाम का भी उल्लेख किया है। परतापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत श्रीपुर के आश्रित गांव इंद्रपुर पीवी 123- 64 मार्ग पर नक्सलियों ने बैनर- पोस्टर लगाए हैं। इस पोस्टर में बिनागुँडा के मनेश नुरेटी की मुखबिरी के नाम पर हत्या करना उल्लेखित है। स्थानीय पुलिस का कहना है कि मृतक पुलिस मुखबिर नहीं है। इन पोस्टरों में उन्होंने



स्थानीय डीआरजी के कुछ जवानों और स्थानीय पंचायत सदस्यों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। नक्सलियों ने अपने पोस्टरों में कुछ डीआरजी जवानों और पंचायत सदस्यों का नाम लेकर उन पर पुलिस निरीक्षक के साथ मिलीभगत करके उनकी गतिविधियों के बारे में सूचनाएं देने का आरोप लगाया है। यह घटना क्षेत्र में एक बार फिर से तनाव पैदा कर सकती है, खासकर ऐसे समय में जब सुरक्षा बल नक्सल विरोधी अभियानों में सक्रिय हैं। इस घटना के बाद स्थानीय पुलिस ने तुरंत कदम उठाया और इन बैनरों को हटा दिया है। इस घटना से यह भी संकेत मिलता है कि नक्सली अभी भी क्षेत्र में अपनी उपस्थिति बनाए हुए हैं और मुखबिरों को चेतावनी देने के लिए इस तरह के प्रचार का सहारा ले रहे हैं।

## जमीन विवाद पर युवक से मारपीट पिता-पुत्र के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जमीन के चलते युवके साथ पीड़ित के भाई और बड़े पिता ने मारपीट किया। पीड़ित युवक को जान से मारने की धमकी देते हुए खेत में पटककर लात घूसों से जमकर पिटाई किया, जिससे वह घायल हो गया। चोट आने पर इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचा और घटना के दो सप्ताह के बाद दुधावा चौकी में आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया। दुधावा चौकी में शिकायत करने पहुंचे ग्राम देवडोंगर निवासी 34 वर्षीय मुरहा राम मंडावी



ने पुलिस को बताया कि रोजी मजदूरी का काम करता हूं। कक्षा आठवीं तक पढ़ाई किया हूं। भानू राम मंडावी मेरे बड़े पिता का लड़का है और आसूलाल मंडावी मेरे परिवार के बड़े पिता है। मेरा खेत उनके खेत के साथ लगा हुआ है। दोनों के साथ पूर्व से जमीन विवाद चल रहा है। अपने खेत में 31 जुलाई को दोपहर साढ़े 3 बजें गोविन्द राम शोरी के साथ काम कर रहा था। मेरी पत्नि नसीबा बाई और भाभी सरजो बाई वहीं पास के खेत में काम रही थी। इसी बीच भानूराम मंडावी और आसूलाल मंडावी खेत में आकर पुराने रंजिश के चलते मुझे गाली देने लगे। जान से मारने की धमकी देकर मेरा गला पकड़कर खेत में पटक दिया और मेरे साथ हाथ मुक्का एवं लात से मारपीट किया। मुझे धक्का देकर खेत के पानी में गिराकर लात से बहुत मारपीट किया। मारपीट की आवाज को ▶▶| शेष पेज 10 पर

## तकिए के नीचे रखी नकदी की चोरी, पुलिस जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

नरहरपुर थानांतर्गत नरहरपुर के वार्ड क्रमांक 10 आरईएस कॉलोनी क्वाटर क्रमांक 17 में घर के अंदर तकिये के नीचे रखे नगद 46 हजार रूपएं को अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर लिया। थाना में शिकायत करने पहुंचे वार्ड क्रमांक 10 आरईएस कॉलोनी नरहरपुर निवासी 45 वर्षीय एलविना कोशियारी पति स्व. आशिष दास ने पुलिस को बताया कि 7 अगस्त को शाम 7 बजें अपने घर रूम अंदर तकिये के नीचे 45 हजार रूपएं 500 का नोट गड्डी एवं 1000 रूपए को तकिये के ऊपर किताब में दबाकर रखी थी, जिसे मै 9 अगस्त को सुबह 9 बजे देखी तो मेरा पैसा वहा नही था। कोई अज्ञात व्यक्ति मेरे घर से 46 हजार रूपएं को चोरी कर ले गया है। अपने पैसे को अपने स्तर पर छानबीन की हूं जो नही मिला। अज्ञात व्यक्ति ने मेरे घर से नगद 46 हजार रूपएं चोरी कर अपने साथ ले गया। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 305, 331 (1) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



## स्तुति के इलाज के लिए आर्थिक मदद स्वीकृत

**कांकेर।** विकासखंड कांकेर के ग्राम आवासपारा ठेलकाबोड़ निवासी स्तुति भिवगड़े को बेहतर इलाज के लिए कलेक्टर निलेश क्षीरसागर द्वारा रेडक्रॉस सोसाइटी की ओर से 25 हजार रूपए की आर्थिक सहायता राशि का चेक प्रदाय किया गया। सीएमएचओ पदेन सचिव डॉ. आरसी ठाकुर ने बताया कि स्तुति भिवगड़े निमोनिया, सेवियर सेप्टिप और हैपेटाइटिस रोग से पीड़ति है, जिसके इलाज के लिए मदद की आवश्यकता है। उनके आवेदन पर संवेदनशीलता के साथ विचार करते हुए यह निर्णय लिया गया।



## पुलिस की दबिश में दो आदतन सहित चार सटोरिया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर


शराबियों, नशेड़ी, गजेड़ियो, नशीली पदार्थ का सेवन कर उत्पात करने वाले असामाजिक तत्वो पर सतत निगरानी रखने एवं जुआ-सट्टा पर कार्यवाही करने विशेष अभियान आदेश पर शहर में निरंतर पुलिसिंग गश्त कार्यवाही करते हुए असमाजिक तत्वों एवं अपराध पर अंकुश लगाने कार्यवाही किया जा रहा है। कांकेर पुलिस ने चार सटोरियों को दबोचकर कार्यवाही किया है। गश्त करने वाली टीम को मुखबिर से जानकारी मिली कि अन्नपूर्णापारा कांकेर में सट्टा चल रहा है। पुलिस ने मुखबिर की खबर पर 18 अगस्त को आरोपी अन्नपूर्णापारा निवासी 50 वर्षीय चंगेज खान पिता नौसाद अली खान के कब्जे से 750 नगद और सट्टा पर्ची, अन्नपूर्णापारा निवासी 40 वर्षीय कादिर खान पिता सुलेमान खान के ▶▶| शेष पेज 10 पर



## इरपानार में बेकाबू बाइक दुर्घटनाग्रस्त चालक की मौत, मर्ग कायम, जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

बांदे थानांतर्गत नयापारा इरपानार के पास बाइक चालक अपने वाहन से नियंत्रण खो बैठा और पेड़ से टकरा गया। गंभीर चोट आने की वजह से बेहोश हो गया। परिजनों ने घायल को अस्पताल पहुंचाया, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवचेना में लिया था। विवेचना में पाया गया कि मृतक बरूण बसु एवं मुकेश राय दोनों अपने-अपने मोटर सायकल से मछली बीज बेचने के लिए



पिपली महाराष्ट्र गए हुए थे और रात करीबन 11 बजे घर वापिस आते समय मुकेश राय अपने मोटर सायकल में आगे-आगे चल रहा था। उनके पीछे- पीछे मृतक अपने लाल रंग की बिना नंबर वाली पुरानी मोटर सायकल में सवार होकर आ रहा था। पीछे पलट कर देखा तो मृतक बरूण बसु दिखाई नहीं दिया, मुकेश वही पर रूका गया। करीबन आधा घंटा देखने के बाद भी दिखाई नहीं दिया तो वापिस उसी रास्ता में जाकर देखा तो इरपानार नयापारा के पास मृतक अपने लाल रंग की बिना नंबर वाली पुरानी मोटर सायकल को तेजी लापरवाही, उपेक्षा पूर्वक स्वयं चलाकर अनियंत्रित होकर रोड़ किनारे पेड़ से टकरा एक्सीडेंट होने के कारण अपने मोटर सायकल के साथ गिरा पड़ा था और सिर में चोट लगा ▶▶| शेष पेज 10 पर

तापमान में 4 डिग्री की गिरावट, 24 तक बारिश की संभावना

## बंगाल की खाड़ी में कम दबाव के चलते हो रही अंचल में झमाझम बारिश, उमस से मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- कई इलाकों में नालियां उफान पर और जलभराव की स्थिति भी बनी

कांकेर में एक बार फिर से झमाझम बारिश का मौसम बन गया है। मौसम विभाग की मानें तो अलग-अलग हिस्सों में गरज चमक के साथ बारिश की संभावना व्यक्ति किया है। इस तरह का मौसम 24 अगस्त तक बने रहने की संभावना जताई जा रही है। मंगलवार 19 अगस्त की सुबह कांकेर शहर में मौसम ने करवट ली और करीबन सुबह 7 बजे से झमाझम बारिश का दौर शुरू हो गया। बीते दो तीन दिनों से उमस भरी गर्मी से परेशान लोगों ने जैसे ही बारिश की बूंदों को जमीन पर गिरते देखा, चेहरे खिल उठे। शहर के अधिकांश हिस्सों में लगातार दो घंटे तक मध्यम से तेज बारिश होती रही, जिससे सड़कों पर पानी का बहाव देखा गया। कई इलाकों में नालियों के उफान पर आने से जलभराव की स्थिति भी बन गई। सुबह हुई झमाझम बारिश ने जहां लोगों को उमस से राहत मिली, वहीं यातायात प्रभावित हुआ और जगह-जगह जाम की स्थिति भी बनी रही। बारिश से तापमान में गिरवाट देखने को मिला। तापमान में करीब 4 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। सुबह के समय कामकाजी लोग और स्कूली बच्चों को भीगते हुए अपनी मंजिल की ओर जाना पड़ा। हालांकि किसानों के लिए यह बारिश किसी वरदान से कम नहीं है। धान की फसल के लिए यह बारिश किसानों के लिए नई उम्मीदें जगा दी हैं। ग्रामीण इलाकों में किसान खुशी से झूम उठे और कई जगहों पर खेतों में पानी भरने की स्थिति बन गई।

मौसम विभाग ने पहले ही 18 से 20 अगस्त तक प्रदेश के कई हिस्सों में भारी बारिश की चेतावनी दी थी। विभाग का कहना है कि आने ▶▶| शेष पेज 10 पर



अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI KANKER
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
गढ़ पिछवाड़ी रोड, कांकेर, (छ.ग.)
89595-93930 • 89595-44444

**खबर संक्षेप**

### ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष के लिए धनेश के नाम पर बनी सहमति



**दुर्गूकोंदल।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्गूकोंदल में 19 अगस्त को सामुदायिक भवन में ब्लॉक प्रभारी बसंत यादव के अध्यक्षता में नव सृजन से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष के लिए आम सहमति के लिए सभी मंडल, सेक्टर, बुथ, पदाधिकारीयों, जनप्रतिनिधियों एव महिला कांग्रेस, सेवा दल, युवा कांग्रेस एनएसयूआई एवं समस्त प्रकोष्ठ कांग्रेस के समस्त सदस्य एवं पदाधिकारीयों के उपस्थिति में 19 अगस्त को दुर्गूकोंदल ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष के पद के लिए सर्व सहमति से धनेश नरेटी के नाम पर सहमति बना। इस अवसर पर शोपसिंह आंचला, हुमन मरकाम, गोपी बढ़ाई, आनंद तेता, सुना तेता, मुन्ना सिंहा, राम गावड़े, नरेंद्र जैन, महत्तम दुग्गा, घनश्याम ठाकुर, सविता उइके, उमेश्वरी मंडावी, बसंती भालेश्वर, पार्वती शोरी, कन्हैया बाज, हृदय बघेल, रजमन कोवाची, हीरा कोमरा, सुखचंद प्रजापति, सियाराम, नरेंद्र पटेल, बाबूलाल कोला, उदय पुरामें, राजू सिंगोडीया, गन्नू सिन्हा, लतीफ ध्रुव, नीरज कोषमां, राहुल, दीनदयाल पटेल, अनुज खरे, रघु गोस्वामी, एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहें।

### युवक ने जहर खाया इलाज के दौरान मौत

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत कन्हारपुरी निवासी 37 वर्षीय पीलाराम मंडावी ने जहर का सेवन कर लिया। इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया। जहर पूरे शरीर में फैल जाने से उसकी मौत हो गई। जिला अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक ने 8 जुलाई को जहर खा लिया था। इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां इलाज के दोरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### फरसगांव कॉलेज में हुआ ध्वजारोहण

**फरसगांव।** भारत देश सहित कोंडागांव जिले में स्वतन्त्रता दिवस सभी लोगों ने धूमधाम के साथ मनाया । वहीं फरसगांव नगर में स्थित चैतू गायता शासकीय कॉलेज फरसगांव में धूमधाम के साथ स्वतंत्रता दिवस को मनाया गया।

### आपदा पीड़ित परिवारों को मिली सहायता राशि

**कोण्डागांव।** कलेक्टर नुपुर राशि पन्ना द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6–4 के अंतर्गत प्राकृतिक आपदा पीड़ित के वारिसों को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि प्रदान की गयी। कलेक्टर द्वारा बड़ेराजपुर तहसील के ग्राम कोपरा निवासी प्रज्ञान मरकाम की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर माता सुशीला मरकाम, पिता नाथूराम मरकाम को आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गयी है।

# नेताजी के विचारों को आत्मसात करने की दी प्रेरणा

## सुभाष चंद्र बोस की पुण्यतिथि पर पूर्व सैनिकों ने दी श्रद्धांजलि

### पूर्व सैनिकों और कोचिंग विद्यार्थियों ने मिलकर किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस की पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। यह कार्यक्रम 18 अगस्त 2025 को आयोजित हुआ, जिसमें पूर्व सैनिकों के साथ–साथ जिला बल की लिखित परीक्षा की निःशुल्क कोचिंग प्राप्त कर रहे युवक–युवतियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत नेताजी सुभाष चंद्र बोस के छायाचित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर दीप प्रज्वलन से हुई। इसके बाद उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर नेताजी को भावभीनी श्रद्धांजलि दी।



#### जयघोष के साथ हुआ समापन

*कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनों ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस अमर रहें और भारत माता की जय के नारे लगाए। इस अवसर पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के संरक्षक एवं बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा, जिला अध्यक्ष सूरज यादव, सचिव उमेश साहू, कोषाध्यक्ष सोमेश्वर भारती, पूर्व सैनिक राकेश धीवर सहित निःशुल्क कोचिंग प्राप्त करने वाले युवक–युवतियां बड़ी संख्या में मौजूद रहे।*

जिला अध्यक्ष सूरज यादव ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के सबसे प्रभावशाली सेनानी थे। उन्होंने आजाद हिंद फौज का गठन कर युवाओं को स्वतंत्रता की लड़ाई में प्रेरित किया। उनका प्रसिद्ध नारा था तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा। नेताजी के जीवन परिचय को याद करते हुए बताया गया कि उनका जन्म 23 जनवरी 1897 को कटक उड़ीसा में हुआ था। 18 अगस्त 1945 को ताइवान में एक विमान दुर्घटना के बाद उनका निधन हो गया। वे असाधारण नेतृत्व क्षमता, समाजवादी नीतियों और स्वतंत्रता के प्रति उनके योगदान के लिए सदैव स्मरणीय रहेंगे।

## घायल आदिवासी युवक और परिजनों से की मुलाकात

# पीसीसी की जांच समिति पहुंची कोहकामेटा फर्जी नक्सली मुठभेड़ का लगाया आरोप



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कोहकामेटा नलाझर में 14 अगस्त को हुई कथित नक्सली मुठभेड़ को लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी पीसीसी की 7 सदस्यीय जांच समिति मंगलवार को घटनास्थल पहुँची। समिति का नेतृत्व पूर्व मंत्री मोहन मरकाम ने किया, जबकि इसमें विधायक लखेश्वर बघेल, सावित्री मंडावी, पूर्व विधायक संतराम नेताम, पीसीसी महामंत्री रवि घोष, देवचंद मतलाम और जिलाध्यक्ष बुधराम नेताम शामिल रहे। समिति ने अस्पताल में घायल आदिवासी युवक अभय नेताम और उसके परिजनों से मुलाकात की। साथ ही उन युवकों से भी बात की जो घटना के समय अभय के साथ जंगल गए थे। इन युवकों ने बताया कि वे शिकार पर गए थे, तभी पुलिस जवानों ने उन्हें नक्सली कहकर रोका और अभय को गोली मार दी। ग्रामीणों ने भी कहा कि क्षेत्र में कभी नक्सली गतिविधियाँ नहीं हुईं।

#### घटनास्थल का किया निरीक्षण

*जांच दल अभय के साथियों और ग्रामीणों के साथ उस जगह पहुँचा जहाँ गोली चलाई गई थी। कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि मौके पर मिला मोटरसाइकिल का प्लग भी पुलिस की कहानी पर सवाल खड़े करता है। समिति का कहना है कि यह घटना फर्जी मुठभेड़ है और पुलिस ने अभय समेत युवकों पर नक्सली होने का झूठा दबाव बनाया।*

#### विधानसभा में गूंजेगी आवाज

*प्रेस वार्ता में विधायक लखेश्वर बघेल ने इसे आदिवासियों को खत्म करने की साजिश बताया और कहा कि विधानसभा में यह मुद्दा जोरदार ढंग से उठेगा। समिति ने अभय को बेहतर इलाज, परिजनों को 1 करोड़ रुपए की सहायता राशि, एक सदस्य को नौकरी और दोषी पुलिसकर्मियों पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। कांग्रेस ने चेतावनी दी कि न्याय के लिए सड़क से सदन तक लड़ाई जारी रहेगी।*

# जेम पोर्टल कार्यशाला में मिला तकनीकी प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले के शासकीय कर्मचारियों को जेम पोर्टल के तकनीकी एवं व्यावहारिक पहलुओं से रूबरू कराने कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जिला पंचायत के सभाकक्ष में किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों के कर्मचारी शामिल हुए।

प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों द्वारा जेम पोर्टल के महत्व, इसके माध्यम से शासन-स्तर पर पारदर्शी क्रियान्वयन और त्वरित खरीदी प्रक्रिया सुनिश्चित करने, उत्पाद एवं सेवाओं के पंजीयन, निविदा प्रक्रिया, तथा ऑनलाइन भुगतान प्रणाली की विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर कर्मचारियों को बताया गया कि जेम पोर्टल से शासन की खरीद प्रणाली और अधिक सरल, पारदर्शी एवं प्रभावी है। साथ ही स्थानीय स्तर पर उत्पादकों व सेवा प्रदाताओं को भी इसका सीधा एवं प्रत्यक्ष लाभ मिल रहा है।

इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी, राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर राकेश तिवारी सहित जिले के अधिकारी-कर्मचारी शामिल रहे।

# नगर में हुई माता पहुंचानी की पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

- श्रद्धालुओं पर हल्दी व नीम के घोल का किया गया छिड़काव

दिन भर की रिमझिम बारिश के बीच नगर में 19 अगस्त को माता पहुंचानी पूजा परंपरागत ढंग से मनाया गया। सुबह से ही नगर में रुक रुक कर बारिश हो रही थी । लोग बारिश से परेशान थे सभी बारिश रुकने का इंतजार कर रहे थे, दोपहर के बाद बारिश रुकने के बाद माता पहुचानी पूजा चालू किया गया, जिसके बाद माता शीतला मंदिर में श्रद्धालुओं की पूजा करने मन्दिर में भीड़ जुटने लगी। जिसके बाद सभी श्रद्धालुओं ने माता मन्दिर की परिक्रमा की गई।



परिक्रमा में जिन लोगों को माता का प्रकोप से पीड़ित थे, उन सभी श्रद्धालुओं के ऊपर माता को अर्पण हल्दी व नीम पत्ता पानी का घोल का छिड़काव किया गया। माता पहुचानी में शीतला मन्दिर में देर शाम तक मंदिर में पूजा-अर्चना का दौर चलता रहा। इस पूजा में नगर सहित आसपास गांव के लोग भी भारी संख्या में मंदिर प्रांगण में जुटते रहे। और सभी श्रद्धालुओं ने क्षेत्र में खुशहाली व सुख समृद्धि के लिए माता शीतला ई प्रार्थना भी की।

गायता पुजारी के द्वारा माता शीतला की विधिवत पूजा कर नीम की पत्ती, हल्दी, तेल आदि से स्नान कराकर पूजा अर्चना की गई तथा भोग प्रसाद चढ़ाया गया। लोगों ने माता शीतला से अपने परिवार सहित क्षेत्र की समृद्धि के लिए कामना की।

# जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में आज कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने जिला मुख्यालय के सभाकक्ष और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से केशकाल और बड़ेराजपुर विकासखंड के ग्रामीणों की समस्याएँ सुनीं। उन्होंने सभी आवेदनों को गंभीरता से लिया और संबंधित अधिकारियों को तुरंत उनके समाधान के निर्देश दिए।

आज जनदर्शन में कुल 35 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से कुछ प्रमुख मामले इस प्रकार हैं। दादरगढ़ के युवा लिमदरहा मिडवें में स्थित जलाशय में बंबुराफ्टिंग बांस से राफ्टिंग शुरू करने के लिए आवेदन। कलेक्टर ने वन विभाग को सहायता के निर्देश दिए। मांझी बोरण्ड नयापारा निवासी शिवलाल नवीन आंगनबाड़ी केंद्र की मांग। कलेक्टर ने जिला पंचायत सीईओ को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया। काटागाँव के ग्रामीण अवैध वन अतिक्रमण की शिकायत। जामगाँव की



मछुआ समिति मत्स्य पालन के लिए जामगाँव में स्थित सिंचाई जलाशय को लीज पर देने की मांग। कोण्डागांव के सोनसिंह सोड़ी नवीन स्कूल खोलने की मांग। बड़े खौली निवासी बिजऊ गोटा वन अधिकार पत्र की मांग। बड़े कनेरा निवासी प्रकाश चुरगीयां रुर्बन मिशन से एंबुलेंस, धान खरीदी केंद्र का स्थल परिवर्तन और ग्राम सभा के लिए शेड निर्माण की मांग। बाँसकोट निवासी शीतल नाग बाँसकोट स्थित महावीर चौक से शासकीय माध्यमिक शाला उइकापारा तक सीसी रोड निर्माण की मांग। कानपुर निवासी मनबोध पोयाम कानपुर सात बहनीपारा में पुलिया निर्माण की मांग। कलेक्टर ने सभी आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### केशकाल में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कलेक्टर जनदर्शन, समस्याएं निराकृत

**कोण्डागांव/ केशकाल।** कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के निर्देश पर, अब हर मंगलवार को जनपद पंचायत केशकाल में कलेक्टर जनदर्शन का आयोजन किया जा रहा है। इस नई पहल से केशकाल और बड़ेराजपुर क्षेत्र के लोगों को अपनी समस्याएँ और मांगें रखने के लिए सीधे जिला मुख्यालय तक नहीं आना पड़ेगा। पहले इन क्षेत्रें के ग्रामीणों को अपनी बात रखने के लिए कोंडागांव स्थित जिला कार्यालय जाना पड़ता था, जिसमें उनका समय और पैसा दोनों बर्बाद होता था। अब केशकाल जनपद पंचायत में ही हर मंगलवार को जनदर्शन होने से ग्रामीण वहीं अपनी समस्याएँ बता सकते हैं। जरूरत पड़ने पर वे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सीधे कलेक्टर से बात भी कर सकते हैं। इस व्यवस्था से ग्रामीण इलाकों के लोगों को लंबी दूरी तय करने की परेशानी से राहत मिली है। उनकी समस्याओं का समाधान उनके अपने क्षेत्र में ही संभव हो गया है।



# माओवाद पीड़ित व आत्मसमर्पित व्यक्तियों के लिए स्वीकृत आवासों का निर्माण प्राथमिकता से करें पूरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- रजत जयंती के तहत विभिन्न गतिविधियों के आयोजन को लेकर कलेक्टर ने दिए निर्देश

कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने मंगलवार को साप्ताहिक समय–सीमा बैठक में रजत जयंती वर्ष के तहत जिले में विभिन्न गतिविधियों के आयोजन के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिए। छत्तीसगढ़ राज्य गठन का रजत जयंती वर्ष 15 अगस्त 2025 से शुरू होकर 6 फरवरी 2026 तक मनाया जाएगा, जिसमें विभागवार विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

बैठक में कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत स्वीकृत कार्यों की जनपदवार समीक्षा की। उन्होंने माओवाद पीड़ित और आत्मसमर्पित व्यक्तियों के लिए स्वीकृत आवासों का निर्माण प्राथमिकता से पूरा करने के निर्देश दिए। इसके अलावा, उन्होंने केशकाल बायपास और रावघाट–जगदलपुर रेलवे लाइन परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण और अन्य मामलों को जल्द निपटाने के लिए कहा, ताकि निर्माण कार्य शीघ्र शुरू हो सके। कलेक्टर ने राजस्व मामलों के निपटारे की भी समीक्षा की और सभी एसडीएम व तहसीलदारों को समय पर कार्यवाही करने के लिए कहा। उन्होंने खरीफ विपणन वर्ष में धान बेचने वाले किसानों का एग्रीस्टेक पोर्टल में शत–प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। श्रम विभाग से उन्होंने श्रमिक परिवारों के बच्चों के लिए संचालित छात्रवृत्ति योजना का लाभ सभी पात्र हितग्राहियों तक पहुँचाने को कहा। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए, कलेक्टर ने गर्भवती महिलाओं में हाई रिस्क मरीजों की लगातार निगरानी रखने और उनके इलाज में कोई लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने मलेरिया की रोकथाम के लिए नियमित जाँच और दवाइयाँ उपलब्ध कराने के लिए भी कहा। इसके साथ ही, उन्होंने रेडक्रॉस सोसायटी की सदस्यता बढ़ाने, आयुष्मान कार्ड में प्रगति लाने और जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व महिला एवं बाल विकास विभाग के अन्य कायोंर् की भी समीक्षा की। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# पुलिस अधीक्षक ने किया थाना अनंतपुर का वार्षिक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव वाय. अक्षय कुमार ने 19 अगस्त को थाना अनंतपुर का वार्षिक निरीक्षण किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक का गार्ड ऑफ ऑनर से स्वागत किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों और कर्मचारियों की वर्दी, अनुशासन और किट परेड का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिस जवानों को हमेशा सुसज्जित वर्दी में रहने और कर्तव्यों के प्रति सजग रहने की हिदायत दी।

थाना भवन व परिसर का निरीक्षण करते हुए उन्होंने साफ–सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही थाना अभिलेख, सीसीटीवी कैमरे, मालखाना, सीसीटीएनएस और स्टोर रजिस्टर की भी समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने अपराध नियंत्रण के उपायों पर जोर देते हुए अधिकारियों और कर्मचारियों को जिम्मेदारी और ईमानदारी से कर्तव्यों का निर्वहन करने की विशेष समझाइश दी। वार्षिक निरीक्षण के दौरान पुलिस अनुविभागीय अधिकारी श्री रूपेश कुमार भी मौजूद रहे।



### दमकसा स्कूल का तहसीलदार ने किया आकस्मिक अवलोकन



**दुर्गूकोंदल।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमकसा का 18 अगस्त को तहसीलदार दुर्गूकोंदल केतन भोयर के द्वारा आकस्मिक अवलोकन किया गया। कक्षाएं संचालित थी, सभी कक्षाओं में शिक्षक अध्यापन करवाते हुए मिले। माध्यमिक शाला में भी कक्षाएं संचालित थी, मध्याह्न भोजन मीनू के अनुसार बन रहा था। कक्षा 12 वी विज्ञान एवं कला संकाय के विद्यार्थियो को प्रेरणादायक कक्षा के लिए बच्चों को मार्गदर्शन आत्मविश्वास जगाया एवं भविष्य की प्रतियोगिता को मजबूत किया गया। समसामयिक विषय के पढ़ने के तरीके, लक्ष्य का निर्धारण, समय नियोजन, मेहनत, सपने देखना और उसके पीछे जी जान से लगने की बात कही। कक्षा 12 वी के बाद कक्षा 6 वी, कक्षा 8 वी का भी अवलोकन कर विषय के संबंध में जरूरी चर्चा किया। संस्था के शिक्षकों की मेहनत और कोशिश को सराहनीय बताते हुए नित नवाचार करने की बात कही।

## पेज 9 का शेष

### जमीन विवाद पर...

सुनकर गोविन्द शोरी, नसीबा बाई एवं सरजो बाई बीच बचाव करने के लिए आए। मारपीट करने से मेरे हाथ, पैर, गला एवं शरीर में बहुत दर्द होने से मेरे परिवार वाले मेरा ईलाज कराने जिला अस्पताल लेकर गए। इलाज के लिए मै अस्पताल में भर्ती था। मैं बहुत डर गया था, इलाज कराने के बाद गांव आकर मेरे घर परिवार वालों से सलाह मशविरा कर हिम्मत करके 19 अगस्त को रिपोर्ट दर्ज कराने आया हूं। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी भानू राम मंडावी और आसूलाल मंडावी के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### पुलिस की दबिश...

कब्जे से सट्टा पर्ची व नगद 550 रूपएं, अन्नपूर्णापारा निवासी 30 वर्षीय दुर्गेश ठाकुर पिता स्व. नरेन्द्र सिंग ठाकुर के कब्जे से चार नग सट्टा पर्ची, एक पेन और नगद 750 रूपएं और एमजी वार्ड निवासी 50 वर्षीय मोहन सिन्हा पिता जवाहर सिन्हा के कब्जे से सट्टा पर्ची, एक पेन और नगद 510 रूपएं को जप्त कर धारा-6 छग जुआ प्रति.अधि. के तहत मामला दर्ज किया गया। चारों आरोपियों को न्यायिक रिमांड में न्यायालय में पेश किया गया। सट्टा खिलाने वाले प्रारंभ के दोनो आरोपी आदतन है। इनके कई बार वीडियो भी वायरल हुए है। मुहल्लेवालों का कहना है कि यह आरोपी घर में बैठकर सट्टा खिलाते रहते है। सटोरियों के खिलाफ कार्यवाही करने में थाना प्रभारी कांकेर निरीक्षक मनीष नागर, उप निरी.सुरेन्द्र मानिकपुरी, उप निरी. मनोरथ जोशी, मप्रआर हितेश्वरी चेलक, प्रआर कृष्णा यादव, गीतेश्वर कुलदीप, कौशल साहू, आरक्षक शक्ति सिंह, दुर्गेश सोनवानी एवं थाना कांकेर पेट्रोलिंग टीम आरक्षक देवेन्द्र मंडावी, अमर नेताम की अहम भूमिका रही।

### इरपानार में बेकाबू...

था, बातचीत नहीं कर पा रहा था। मृतक के पिता विश्वनाथ बसु एवं बड़ा लड़का अजय बसु व गांव वालों के साथ इरपानार नयापारा के पास जाकर देखे तो मुकेश राय मृतक बरूण बसु के पास खड़ा था और मृतक अपने मोटर सायकल के साथ गिरा पड़ा था, सिर में चोट लगा था और बातचीत नहीं कर रहा था, जिसे निजी वाहन से इलाज के लिए इरपानार के अस्पताल में लेकर गए। नर्स एवं गांव वालों के द्वारा चेक करने पर मृत्यु होना बताए। मृतक की मौत मोटर सायकल को तेजी एवं लापरवाही पूर्वक स्वयं चलाकर अनियंत्रित होने से रोड़ किनारे पेड़ से टकरा कर एक्सीडेंट होने से सिर में चोट लगने के कारण मौत होना पाया गया। आरोपी वाहन चालक मृतक बरूण बसु के खिलाफ पुलिस ने धारा 106(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।

### बंगाल की खाड़ी...

वाले दो दिनों तक कांकेर जिले में रुक-रुककर तेज बारिश का सिलसिला जारी रह सकता है। हालांकि बारिश ने जहां खुशियां दीं, वहीं परेशानियां भी लेकर आई। नालियों के उफान पर आने से गंदा पानी सड़कों पर फैल गया और यातायात कुछ घंटों के लिए प्रभावित रहा। कई जगह छोटे वाहन बंद पड़े और लोगों को पैदल सफर करना पड़ा।

## खबर संक्षेप

### बोधघाट एसएलआरएम सेंटर का स्थापना दिवस मनाया गया



**जगदलपुर।** नगर पालिक निगम ने आज बोधघाट स्थित एसएलआरएम सेंटर का स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर केक काटकर स्वच्छता दीदियों के साथ खुशियां साझा की गईं। उल्लेखनीय है कि आठ वर्ष पूर्व बोधघाट में एसएलआरएम सेंटर की स्थापना हुई थी, जो आज शहर की स्वच्छता व्यवस्था में अहम भूमिका निभा रहा है। कार्यक्रम में महापौर संजय पाण्डे ने कहा कि स्वच्छता दीदियों की मेहनत और समर्पण से ही नगर का वातावरण स्वच्छ एवं स्वस्थ बना हुआ है। कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य लक्ष्मण झा, योगेंद्र पांडे, संग्राम सिंह राणा, त्रिवेणी रंधारी, पार्षद खगेंद्र ठाकुर, स्वेता बघेल, गायत्री बघेल, स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर रामनरेश पांडे, केके द्विवेदी, अजय पाल सिंह जसवाल, डीके परासर, गौतम आचार्य, अविनाश सिंह गौतम, मनीष मूलचंदानी, विवेक जैन, सूरज श्रीवास्तव, शुभ शुक्ला, रुपेश बीजोरा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

### जिले के जनप्रतिनिधियों ने दिल्ली में देखा स्वतंत्रता दिवस समारोह



**सुकमा।** नई दिल्ली में आयोजित 79वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव एवं सीईओ जिला पंचायत मुकुन्द ठाकुर के मार्गदर्शन में जिले के दो जनप्रतिनिधियों शामिल हुए। जपं सुकमा अंतर्गत ग्राम पंचायत बडेसट्टी के सरपंच कलमू जोगा और जनपद पंचायत कोंटा अंतर्गत ग्राम पंचायत केरलापेदा के सरपंच भीमसेन वेट्टी ने इस राष्ट्रीय पर्व के भव्य आयोजन में शामिल हुए। देश की राजधानी में आयोजित इस ऐतिहासिक क्षण का हिस्सा बनना दोनों सरपंचों के लिए अत्यंत गर्व का विषय रहा। दिल्ली यात्रा के पश्चात दोनों जनप्रतिनिधियों ने सुकमा लौटकर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मुकुन्द ठाकुर से सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर रविशंकर वर्मा, डीपीएम आरजीएसए किशोर देशमुख भी उपस्थित थे।
सरपंचों के साथ इस यात्रा में वरुण मिश्रा, प्रोग्राम लीडर पिरामल फाउंडेशन को नोडल अधिकारी के रूप में जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

### समय-सीमा की बैठक में विकास कार्यो की हुई समीक्षा

**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में जिले में संचालित विकास कार्यो की विस्तृत समीक्षा करते हुऐ आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वहीं केन्द्र एवं राज्य शासन के महत्वाकांक्षी योजनाओं का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार एवं हितग्राहियों को शासन के योजनाओं से लाभान्वित करने को कहा गया। नियद नेल्लानार योजनान्त्रगत चिन्हाकिंत गांवो में संचालित विकास कार्यो एवं अद्योसंरचना के प्रगति की समीक्षा किया गया। वहीं बिजली, पानी, सड़क कनेक्टिविटी की जानकारी ली।

# स्कूल भवन जर्जर, विद्यार्थियों की जान पर खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

विकासखंड बस्तर के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घाटलोहंगा का भवन इस कदर जर्जर हो चुका है कि किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। स्कूल की छत से प्लास्टर उखड़कर गिर रहा है, लोहे की सरिया बाहर आ चुकी है और खिड़की का छज्जा टूटकर लटक गया है। वहीं स्कूल भवन के अंदर फर्श भी उखड़ चुका है और साफ-सफाई की स्थिति भी बदतर है।

स्कूल भवन के निर्माण के साथ-साथ दीवालों और विम में आया दरार पर विभाग के द्वारा दबाया गया। विद्यालय के प्राचार्य दिलीप देवांगन ने बताया कि इस गंभीर समस्या की जानकारी कई बार जिला स्तर और ब्लॉक स्तर के अधिकारियों और शिक्षा विभाग को दी गई। यहां तक कि लिखित आवेदन भी प्रस्तुत किया गया, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इससे शिक्षक और विद्यार्थी दोनों ही लगातार भय के माहौल में पढ़ाई करने को मजबूर हैं। प्राचार्य का कहना है कि कई बार विद्यार्थी छत से गिरते मलबे से बाल-बाल बचे हैं। यदि समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो किसी दिन बड़ा हादसा हो सकता है।







### स्कूल भवन का एक बार भी नहीं हुआ है मरम्मत

इस मामले पर संज्ञान लेते हुए बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने कहा कि विद्यार्थियों की शिक्षा में किसी प्रकार की बाधा स्वीकार्य नहीं है। अधिकारियों की लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने शिक्षा विभाग को निर्देशित किया है कि इस समस्या को प्राथमिकता से हल कर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

## बीमार बच्चों को अस्पताल भेजने की अधीक्षक को फुर्सत नहीं

# गंदगी से 11 बच्चे बीमार, पानी टपकते छत के नीचे सोने मजबूर









### यह बच्चे हैं बीमार

अर्जुन कड़ती उम्र 7 पिता कड़ती सीतैया,पवन सोढ़ी उम्र 8 पिता मलेश सोढ़ी, संतोष काका 11 वर्ष पिता पापा राव, आशीष 8 वर्ष पिता सत्यम संदीपमल्ला, विक्रम, पिता मुन्ना 10 वर्ष, नविन मोडिया पिता सत्यम, राम चिट्टी बड़से पिता लच्छा, वरुण मोडियम पिता राम मूर्ति, संजय सोढ़ी पिता लिंगा, मोटू कट्टम पिता रामा कट्टम।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

गन्दी और दुर्गंध से आश्रम के 11 बच्चे बीमार हैं। उल्टी सिरदर्द बुखार से पीड़ितों को जिम्मेदार अधीक्षक अस्पताल भी ले जाना जरूरी नहीं समझ रहे हैं। आश्रम की जिम्मेदारी चपरासियों के हवाले हैं,जो पकाकर खिलाने और पढ़ाने की दोहरी जवाबदारी संभाल रहे हैं।

- आश्रम की जिम्मेदारी चपरासियों के हवाले

उसूर में संचालित 150 सीट बालक आश्रम की हालत बद से बदतर हैं। बिल्डिंग पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका है। बारिश का पानी पूरी दीवार में सीपेज मार है, बच्चे जहां सोते वहां पानी भरा हैं, प्रसाधन की सुविधाएं नहीं होने से रात को सभी बच्चे बाजू में बने कक्ष को प्रसाधन के तौर पर इस्तेमाल कर रहे हैं। सीपेज मारता बारिश का पानी कक्षा में जमा होकर, बदबू मार रहा हैं। यह दृश्य देख अंदाजा लगा सकते हैं, किस तरह मासूम आदिवासी बच्चों की सेहत के साथ खिलवाड़ किया जा रहा हैं।

आश्रम अधीक्षक की लापरवाही साफ नज़र आ रहीं हैं जिन्हे इस बात का अहसास भी नहीं, आश्रम में पढ़ने वाले बच्चो के लिए प्रसाधन बनाया जाये, नतीजा यह हैं की आश्रम में दुर्गंध और गंदगी की वजह से 11 बच्चे बीमार हो गए हैं। हरिभूमि की टीम जिस वक्त पहुंची उस दौरान अधीक्षक कन्ना सोढ़ी नदारत रहे। इस दौरान एक टीचर शांता राव मांझी बच्चों को पढ़ते हुए मिले, जिनसे पूछने पर कहा एक कैम्पस में पुजारी कांकेर सौ सीटर एवं गलगम 50 सीटों के दो आश्रम संचालित हैं, बाजार होने की वजह से गलगम आश्रम के अधीक्षक सामान खरीदने गये हैं, यही नहीं आश्रम के स्कूल में पदस्थ अन्य दो शिक्षक कमला नेताम और प्रवीण गठपल्ली भी मौजूद नहीं रहे।

गौरतलब हैं की पूर्व में भी आश्रम के बच्चों की ऐसे ही नजरअंदाजी की वजह से बीमारी से मौत हो चुकी हैं, इन घटनाओं के बावजूद सबक हासिल नहीं कर रहे हैं। इन अव्यवस्थाओं पर मंडल संयोजकों की नज़र होनी चाहिए किंतु यह अपनी जिम्मेदारियों से मुंह फेरते हैं। इस बारे में जब मंडल संयोजक नागराज पनतंगी को मोबाईल से संपर्क किया गया तो उन्होने कॉल रिसीव नहीं किया।

पीएम श्री स्कूल पेगड़ापल्ली में अधीक्षक के खिलाफ खोला मोर्चा

# अनुदेशक और चपरासी बोले, अब और नहीं जल्द हटाओ अधीक्षक को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम




पीएम श्री बालक रेसिडेंशियल स्कूल पेगडापल्ली में अनियमितताओं और अमानवीय व्यवहार के आरोपों को लेकर संस्था के समस्त अनुदेशकों एवं चपरासियों ने अधीक्षक अग्गी कामेश्वर के विरुद्ध आवाज उठाई है। इस संबंध में उन्होंने भोपालपटनम भाजपा मंडल अध्यक्ष को एक शिकायत पत्र सौंपा, जिसमें अधीक्षक को तत्काल हटाए जाने की मांग की गई है।

शिकायत में बताया गया है कि अधीक्षक की लापरवाही के कारण विद्यालय में अनुशासनहीनता, अव्यवस्था और बच्चों की उपेक्षा का वातावरण बन गया है। अनुदेशकों और चपरासियों का कहना है कि अधीक्षक का रवैया न केवल कर्मचारियों के प्रति अपमानजनक है, बल्कि बच्चों की पढ़ाई, भोजन और मानसिक विकास पर भी नकारात्मक असर डाल रहा है।

### शिकायत पत्र में लगे गंभीर आरोप

शिकायतकर्ताओं ने अधीक्षक पर गंभीर आरोप लगाते बच्चों की देखरेख में घोर लापरवाही, भोजन व्यवस्था में गंभीर खामियां, कर्मचारियों से अभद्र व्यवहार, संस्थान के दैनिक संचालन में उदासीनता, विद्यालय की गरिमा को नुकसान पहुंचाने वाला आचरण, शिकायत में स्पष्ट शब्दों में कहा गया है। अधीक्षक की उदासीनता और अनुचित व्यवहार से संस्था का वातावरण खराब हो गया है। यदि समय रहते इन्हें पद से नहीं हटाया गया, तो बच्चों के भविष्य और चरित्र निर्माण पर गहरा संकट आ सकता है।

### कर्मचारियों में आक्रोश, 20 लोगों ने किए हस्ताक्षर

इस सामूहिक शिकायत पत्र पर कुल 20 कर्मचारियों के हस्ताक्षर हैं, जिनमें 12 अनुदेशक और 8 चपरासी शामिल हैं। यह पहली बार है जब संस्था के कर्मचारियों ने इतने स्पष्ट और एकजुट स्वर में प्रशासन के खिलाफ आवाज उठाई है।

अनुदेशकगण में चंद्रप्रकाश झाड़ी, चिडेम कामेश्वर, चिडेम संजय, रामचंद्र गोटे, पोट्टीराम जवा, राजन्ना गांधरला, हनुमंत जनगम, लक्ष्मीनारायण टिंगे, दिनेश पूनम, वासुदेव मोरला, तीरथ पसपुल, सैंड्रा सुरेंद्र हैं। चपरासियों में वलवा सुधाकर,गोटे लक्ष्मैया, सुखराम पुनेम, टिंगे रमेश, राजू कुरसम, वादेश गोटा, संदीप पलदेव, दुर्योधन मेट्टा हैं।

शिकायतकर्ताओं ने मांग की है कि अग्गी कामेश्वर को तत्काल पदमुक्त कर, उनकी जगह किसी योग्य, संवेदनशील और बच्चों के प्रति समर्पित अधीक्षक की नियुक्ति की जाए। अब पूरे क्षेत्र की नजरें मंडल अध्यक्ष और शिक्षा विभाग पर टिकी हैं कि वे इस गंभीर प्रकरण में क्या कदम उठाते हैं।

# पटवारियों ने ऑनलाइन कार्यों का किया बहिष्कार

## गिरदावरी नक्शा बटांकन, डीएससी और त्रुटि सुधार जैसे कार्य ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



राज्य शासन द्वारा पटवारियों को 1100 रुपये संसाधन भत्ता देने के आदेश के बाद भी प्रदेशभर के पटवारी संतुष्ट नहीं हैं। राजस्व पटवारी संघ के जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश कश्यप ने कहा कि सरकार की ओर से आंशिक मांगें माने जाने के कारण 16 अगस्त से जारी ऑनलाइन बहिष्कार जारी रहेगा।

राजस्व पटवारी संघ छत्तीसगढ़ ने हाल ही में शासन द्वारा जारी किए गए आदेश पर अपनी आपत्ति व्यक्त की है, जिसमें संसाधन भत्ता 1350 रुपये के स्थान पर मात्र 1100 रुपये दिए जाने का आदेश प्रसारित किया गया है, जिसमें 250 रुपये स्टेशनरी भत्ता को मर्ज किया गया है। पटवारी संघ का कहना है कि यह आदेश हमारे साथ अन्याय है और हमें अपने कार्यों को करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। हमने पहले ही ऑनलाइन कार्य का बहिष्कार किया था और शासन से संसाधन भत्ता बढ़ाने की मांग की थी। पटवारी संघ का कहना है कि हमने निर्णय लिया है कि हम डिजिटल क्रॉप सर्वे के समस्त प्रकार के कार्य नहीं करेंगे और एग्रीस्टेक जो मूल रूप से कृषि विभाग के अंतर्गत है, उनसे ही उक्त संबंधी कार्य लिया जाए। साथ ही प्रांतीय राजस्व पटवारी संघ के निर्णयानुसार कि अगर किसी भी पटवारी पर इस संबंध में कार्यवाही होती है, तो पूरे प्रदेश भर के पटवारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने को बाध्य हो जाएंगे। हम शासन से अनुरोध करते हैं कि वह हमारी मांगों पर विचार करें और हमें न्याय प्रदान करें। लंबे समय से मांग वरिष्ठता के आधार पर पदोन्नति व वेतन विसंगति की मांग जिसे शासन बार बार अनदेखी कर रहा है जिसके कारण पटवारियों में आक्रोश व्याप्त है।

### मांगे पूरी नहीं होने से आंदोलन होगी तेज

पटवारियों द्वारा ऑनलाइन कार्यों का बहिष्कार किए जाने से गिरदावरी, नक्शा बटांकन, डीएससी और त्रुटि सुधार जैसे कार्य ठप हो गए हैं। इससे धान पंजीयन, खाद-बीज वितरण जैसे महत्वपूर्ण कृषि कार्यों में किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पटवारी संघ ने स्पष्ट किया कि भुइयां सॉफ्टवेयर के संचालन में बीते 11 वर्षों से स्वयं खर्च उठाया जा रहा है, लेकिन शासन ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। उन्होंने कहा कि जब तक समस्त मांगें नहीं मानी जातीं, ऑनलाइन कार्यों का बहिष्कार जारी रहेगा। संघ ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही संतोषजनक समाधान नहीं निकाला गया, तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

# बारिश से किसान का बैल कोठा ढहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोण्ड



विकासखण्ड बस्तर के ग्राम पंचायत बड़े चकवा में लगातार हो रही भारी बारिश ने ग्रामीणों की जिंदगी को अस्त-व्यस्त कर दिया है। इसी कड़ी में गांव के किसान कोयटू मौर्य के घर बड़ा हादसा हो गया। बारिश के कारण उनका बैल कोटा पशुओं का बाड़ा अचानक गिर पड़ा, जिससे अंदर बंधे मवेशियों को गंभीर चोटें आईं। इस घटना में एक गाय बुरी तरह घायल हो गई, जबकि अन्य बैल और गायों को भी हल्की-फुल्की चोटें पहुंचीं।

छेपड़ापारा निवासी कोयटू मौर्य ने बताया कि शाम के समय अचानक बारिश तेज हो गई और पानी के दबाव से बैल कोटा भरभराकर गिर पड़ा। पशुओं की चीख-पुकार सुनकर पड़ोसी और ग्रामीण दौड़कर आए और बड़ी मुश्किल से मलबे में दबे मवेशियों को बाहर निकाला गया। उन्होंने दुख जताते हुए कहा कि यह हादसा उनके लिए दोहरी मार जैसा है, क्योंकि 20 दिन पहले ही उनके घर की दीवार पूरी तरह गिर चुकी थी। लगातार दो हादसों ने उनके परिवार की आर्थिक स्थिति को गहराई से प्रभावित किया है। कोयटू मौर्य का कहना है कि वे एक गरीब परिवार से आते हैं और खेती-किसानी और पशुपालन ही उनके जीविकोपार्जन का साधन है। घर की दीवार गिरने से पहले ही वे परेशानी में थे और अब बैल कोटा ढहने से उनके पशु भी संकट में हैं। गाय के गंभीर रूप से घायल होने से दूध उत्पादन पर भी असर पड़ेगा। उनका नुकसान इतना बड़ा है कि उसे अकेले झेल पाना मुश्किल है, इसलिए वे सरकार से मदद की अपेक्षा करते हैं। इस घटना पर ग्राम पंचायत बड़े चकवा के उपसरपंच पूरन सिंह कश्यप ने भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने बताया कि हादसे की सूचना तत्काल पटवारी को दी जा चुकी है। संबंधित विभाग को अवगत कराया गया है और जैसे ही राहत एवं मुआवजे की प्रक्रिया शुरू होती है, पीड़ित परिवार को प्राथमिकता के आधार पर सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पंचायत स्तर पर भी हर संभव सहयोग किया जाएगा। भारी बारिश के कारण इस प्रकार की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। कहीं दीवारें गिर रही हैं, तो कहीं पेड़ और कच्चे मकान ढह रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से अपील की है कि प्रभावित परिवारों का तत्काल सर्वे कराया जाए और उचित आर्थिक सहायता दी जाए ताकि गरीब परिवार फिर से अपने जीवन को संभाल सकें।

यह घटना केवल एक परिवार की समस्या नहीं है, बल्कि यह बस्तर क्षेत्र में भारी बारिश से उपजे हालातों की झलक है। हर साल बरसात में कच्चे मकानों और पशु कोटों के ढहने की घटनाएं सामने आती हैं, जिससे गरीब किसानों को सबसे ज्यादा नुकसान उठाना पड़ता है। प्रशासन और सरकार को चाहिए कि समय रहते प्रभावितों को मुआवजा और मदद मुहैया कराए, ताकि उनके जीवन की गाड़ी फिर से पटरी पर आ सके।

# कमाण्डेन्ट ने क्वार्टर गार्ड पर ध्वजारोहण कर ली सलामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा



241 बस्तरिया बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के अधिकारियों एवं जवानों द्वारा सेडवा कैम्प में न्यू इण्डिया की थीम के साथ 79वाँ स्वतन्त्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

इस थीम का उद्देश्य 2047 तक एक समृद्ध, सुरक्षित और आत्म निर्भर भारत बनाने के संकल्प को मजबूत करना है। इस अवसर पर हरविंदर सिंह कमाण्डेन्ट-241 बटालियन द्वारा क्वार्टर गार्ड पर ध्वजारोहण कर सलामी ली तथा संबोधित कर बताया गया कि वर्ष 1947 को इसी दिन इण्डियन इण्डिपेन्डेन्ट एक्ट 1947 पारित करके ब्रिटिश संसद ने भारत को आजाद देश घोषित किया था। इसके बाद लाल किले पर भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने झण्डा फहराया और भारत की एक नई कहानी शुरू हुई। देश की आन-बान एवं शान के लिए रणबाकुरों के शहादत एवं उनके कर्तव्य को आत्मसात करते हुए देश प्रथम की भावना को संकल्पित किया गया। इस अवसर पर पदकों से नवाजे गए जवानों को अलंकृत किया गया। पिछले वर्ष के दौरान विविध पदकों से अलंकृत किए गये मरणोपरान्त एवं सेवारत अधिकारियों व कार्मिकों के नाम से सभी जवानों को अवगत कराया गया। विशेष उपलब्धि प्राप्त कार्मिकों को कमाण्डेन्ट द्वारा महानिदेशक डिस्क एवं प्रशस्ति पत्र से अलंकृत किया गया साथ ही जवानों को कमाण्डेन्ट-241 बटालियन की तरफ से मिठाई वितरित किया गया। इसके अतिरिक्त दोपहर के भोजन में सभी अधिनस्थ अधिकारियों द्वारा राजपत्रित अधिकारियों को आमंत्रित कर चलती आ रही बल की परम्परा को निभाया गया। सायंकाल में वालीवाल प्रतियोगिता का आयोजन कर विजेता टीम को पुरस्कृत किया गया तथा बड़ा खाना का आयोजन भी किया गया।

इस अवसर पर संजय कुमार द्वितीय कमान अधिकारी, निरंजन कुमार निराला उप कमाण्डेन्ट, प्रमोद कुमार सिंह सहायक कमाण्डेन्ट, अधिनस्थ अधिकारीगण, जवान एवं महिलाएं उपस्थित रहे।

# जिले के समावेशी विकास में योगदान कर नई ऊंचाइयों को छुएं : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा/गीदम






छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के 25वीं वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रजत महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज ऑडिटोरियम, जावंगा गीदम में आदिवासी विकास विभाग के तत्वाधान में ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रमों के पश्चात जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं स्थानीय विधायक चैतराम अटामी ने सभी बच्चों को हार्दिक शुभकामनाएँ और बधाई प्रेषित करते हुए कहा कि आज का दिन समस्त छत्तीसगढ़ वासियों और विशेषकर जिलेवासियों के लिए अत्यंत हर्ष और गर्व का विषय है। छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिले के आश्रम-छात्रावासों के बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए जा रहे विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम हमारे लिए गौरव का क्षण हैं। उन्होंने अपने संबोधन में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्हीं के अथक प्रयासों से मध्य प्रदेश से पृथक कर छत्तीसगढ़ राज्य का गठन संभव हुआ। उन्होंने कहा कि राज्य गठन के पश्चात शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी ढाँचे और सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है, जिसका प्रत्यक्ष अनुभव आज हमें हो रहा है। उन्होंने अपने छात्र जीवन को याद करते हुए बताया कि उन्होंने स्वयं भी कक्षा 10वीं तक आश्रम-छात्रावास में रहकर अध्ययन किया है। पहले आश्रम-छात्रावासों में सीटों की संख्या बहुत सीमित हुआ करती थी, परंतु आज शासन-प्रशासन की सक्रिय पहल के कारण बच्चों के लिए बड़ी संख्या में नए एवं सुसज्जित आश्रम-छात्रावास स्थापित किए जा चुके हैं। शासन का प्रयास है कि किसी भी आश्रम-छात्रावास के विद्यार्थियों को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े और उन्हें शिक्षा के साथ-साथ सभी आवश्यक सुविधाएँ सहज रूप से उपलब्ध हों। अपने संबोधन में विधायक श्री अटामी ने यह भी कहा कि पहले बच्चों को संगीत शिक्षा के लिए खैरागढ़ संगीत महाविद्यालय जाना पड़ता था, किंतु अब मुख्यमंत्री के प्रयासों से दंतेवाड़ा जिले में भी संगीत महाविद्यालय की स्थापना हो चुकी है। इससे न केवल जिले के बच्चों को सुविधा मिली है, बल्कि उन्हें अपनी प्रतिभा निखारने का एक नया मंच भी प्राप्त हुआ है। उन्होंने जिले के समग्र विकास का उल्लेख करते हुए कहा कि कभी रायपुर पहुँचने में 12 घंटे से अधिक का समय लगता था, जबकि आज यह दूरी केवल 5 घंटे में पूरी की जा सकती है। यह इस बात का प्रमाण है कि हमारे क्षेत्र में तेजी से विकास की धारा प्रवाहित हो रही है। अंत में श्री अटामी ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य की रजत जयंती केवल उत्सव का अवसर नहीं है, बल्कि यह प्रदेश की उपलब्धियों को याद करने, उन्हें आत्मसात करने और आने वाले 25 वर्षों की दिशा तय करने का भी अवसर है।

## खबर संक्षेप

### शिविर में पीएम सूर्य घर योजना की जानकारी दी



**भानुप्रतापपुर।** केंद्र और राज्य सरकार की संयुक्त जनहित योजना पीएम सूर्य घर योजना का एक दिवसीय शिविर जनपद सभा गृह भानुप्रतापपुर में 19 अगस्त को आयोजित किया गया। इस योजना के लाभ और प्रक्रिया के संबंध में शहरी एवं ग्रामीण उपभोक्ताओं को आमंत्रित किया गया था।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अध्यक्ष नगर पंचायत भानुप्रतापपुर निखिल सिंह राठौर ने पीएम सूर्य महत्वाकांक्षी योजना को घर घर तक पहुंचाने और बड़ी संख्या इसका लाभ पाने के लिए विभाग को सुझाव दिया। पीएम सूर्य घर योजना के लाभ एवं प्रक्रिया के संबद्ध में सहायक अभियंता अंतागढ़ ने विस्तार जानकारी दिया। कार्यपालन अभियंता भानुप्रतापपुर ने पीएम सूर्य घर योजना के लिए आर्थिक लाभ बताया व अतिथि एवं आए हुए उपभोक्ता तथा वेंडर का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि सचिन दुबे, जितेंद्र बेंजामिन, संकेत नशीने व अन्य लोग उपस्थित रहें।

### युवक की मौत कारण अज्ञात

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत पीव्ही 44 निवासी 33 वर्षीय राखल हालदार का 17 अगस्त को रात पौने 10 बजें मौत हो गया। पीव्ही 44 निवासी 67 वर्षीय रमन हालदार ने पुलिस को बताया कि मृतक की मौत अज्ञात कारणों से हुई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### प्रशिक्षण के लिए काउंसिलिंग कल

**कांकेर।** जिले के बेरोजगार युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और रोजगार स्व-रोजगार से जोड़कर उन्हे सक्षम बनाने के लिए लाइवलीहुड कॉलेज कांकेर में 30-30 सीटों में सोलर तकनीशियन, सुरक्षा गार्ड व रिटेल सेल्स एसोसिएट कोर्स में निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण प्रारंभ किया जा रहा है। प्रशिक्षण के लिए 21 अगस्त को लाईवलीहुड कॉलेज गोविंदपुर में सुबह 10 बजें शाम 4 बजें तक काउंसिलिंग का आयोजन किया जाएगा।

### सर्पदंश से बच्ची की हुई मौत

**कांकेर।** जहरीले साप के काटने से 12 साल के मासूम बच्ची की मौत हो गई। कोरर थानांतर्गत सुरेली निवासी 12 वर्षीय मोनी उसेंडी को साप ने काट लिया था। इलाज के लिए एसीएच कांकेर में भर्ती किया गया। इलाज के दौरान 21 जुलाई को उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवचेना में लिया है।

### मौत के तीन प्रकरणों में 12 लाख की राशि मंजूर


**कांकेर।** राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने दुर्गूकोंदल तहसील अंतर्गत ग्राम कोपाकटेल निवासी 55 वर्षीय फगनी बाई की सर्प काटने से मृत्यु होने के प्रकरण में उनके निकटतम वारिस राजेश कुमार, मनीषा और भूमिका के लिए संयुक्त रूप से चार लाख, ग्राम साधुमिचगांव निवासी 58 वर्षीय रौनूराम की सर्प काटने से मृत्यु होने के प्रकरण में उनकी पत्नी शामबाई कोमरा के लिए चार लाख, भानुप्रतापपुर तहसील के ग्राम फरसकोट निवासी 45 वर्षीय मिश्रीलाल सलाम की कुंआ में डूबने से मृत्यु होने के प्रकरण में उनके निकटतम आश्रित बिसईन बाई के लिए चार लाख रूपए की सहायता राशि स्वीकृत किया गया है।

## मौसम : हजारों किसानों को रबी फसलों में सिंचाई का लाभ मिलेगा

# ओवरफ्लो परलकोट जलाशय के मनोरम नजारे को देखने पर्यटकों का लगा तांता, पुलिस तैनात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर

- जलाशय को एक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की मांग



परलकोट जलाशय अपनी पूरी क्षमता से भर गया है, जिससे एक मनमोहक दृश्य दिखाई दे रहा है। लगातार बारिश के कारण जलाशय का स्पिलवे चल रहा है, जिसे देखने के लिए दूर-दराज से लोग आते है। यह नजारा स्थानीय लोगों और पर्यटकों के लिए एक प्रमुख आकर्षण बन गया है। यह जलाशय जो दंडकारण्य परियोजना के तहत बनाया गया था, अब एक लोकप्रिय पिकनिक स्पॉट के रूप में उभर रहा है। यहाँ लोग परिवार और दोस्तों के साथ आकर प्राकृतिक सुंदरता का आनंद ले रहे हैं। जलाशय अपने सौंदर्य का चरम रूप ले चुका है और इसे देखने के लिए दूर-दूर से पर्यटक आ रहे हैं। इस दौरान किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए जलाशय के आसपास स्थानीय पुलिस की मौजूदगी भी रहती है। यह जलाशय परलकोट क्षेत्र के किसानों के लिए एक जीवनरेखा है, जो कृषि सिंचाई का मुख्य स्रोत है। जलाशय के भर जाने से किसानों में खुशी की लहर है। इस जल भराव से परलकोट क्षेत्र के हजारों किसानों को आने वाली रबी फसलों में सिंचाई का लाभ मिलेगा। साथ ही, जलाशय से जुड़ी नहरों का जीर्णोद्धार कार्य भी चल रहा है, जिससे सिंचाई व्यवस्था और मजबूत होगी। स्थानीय निवासी मलय दास और नृपेन हालदार ने सरकार से परलकोट जलाशय को एक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की बात कही। उनका मानना है कि ऐसा करने से स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे और क्षेत्र के आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। खेरकट्टा जलाशय के ओवरफ्लो के पास विभिन्न प्रकार की दुकानें लगी हैं, जहाँ नाश्ते, भोजन और अन्य वस्तुएं मिलती हैं। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि वे हर साल इस दिन का इंतजार करते हैं क्योंकि यह उनके परिवार की आय का एक महत्वपूर्ण स्रोत बनता है।

### परलकोट जलाशय के रास्ते पर दुर्घटनाओं का खतरा

जहां एक और परलकोट जलाशय अपनी पूरी खूबसूरती के साथ पर्यटकों का ध्यान खींच रहा है। इस मनोरम दृश्य तक पहुँचने का रास्ता बेहद खतरनाक हो गया है, जिससे पर्यटकों और स्थानीय लोगों को भारी परेशानी होगी। परलकोट जलाशय तक जाने वाली सड़क की हालत इतनी खस्ता है कि जगह-जगह गहरे गड्ढे हैं और सड़क के दोनों ओर घनी झाड़ियां उग गई हैं। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, इस खराब सड़क के कारण हर साल कई दुर्घटनाएं होती हैं। सड़क की मरम्मत नहीं होने से हर पल किसी बड़ी दुर्घटना का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि यदि इस बार भी सड़क की मरम्मत और घनी झाड़ियों की कटाई नहीं की गई तो ऐसी ही अप्रिय घटनाएं होती रहेंगी। एक ओर जहां यह जलाशय पर्यटन को बढ़ावा दे रहा है, वहीं दूसरी ओर इसका खस्ताहाल पहुँच मार्ग पर्यटकों की सुरक्षा के लिए खतरा बना हुआ है। प्रशासन से उम्मीद है कि वह जल्द से जल्द इस सड़क की मरम्मत कराकर पर्यटकों और स्थानीय लोगों की यात्रा को सुरक्षित बनाएगा।

## मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने वीसी में जिलों में लंबित कार्यों की समीक्षा की




### वर्चुअल बैठक में कलेक्टर हुए सम्मिलित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज प्रदेश के सभी 05 संभागों के संभागायुक्त एवं 33 जिलों कलेक्टरों की वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से वर्चुअल बैठक लेकर विभिन्न लंबित कार्यों की समीक्षा की। जिले से कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर इसमें सम्मिलित हुए। वीडियो कांफ्रेंसिंग में मुख्यमंत्री श्री साय द्वारा आज अपरान्ह 03 बजे ली गई, जिसमें पांच एजेंडों पर समीक्षा हुई। इसमें छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव का आयोजन, लोक निर्माण विभाग की सड़कों हेतु भू-अर्जन प्रकरणों का निराकरण, राजस्व विभाग के ई-कोर्ट न्यायालयों में त्वरित निराकरण, एग्रीस्टेक के माध्यम से अधिकाधिक किसानों का पंजीयन एवं फार्मर्स आईडी तथा खरीफ फसलों का डिजिटल फसल सर्वेक्षण (15 अगस्त से 30 सितम्बर तक) पूर्ण करने के संबंध में संभागवार एवं जिलेवार समीक्षा की गई। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सभी संभागायुक्तों एवं कलेक्टरों को निर्देशित करते हुए कहा कि आम जनता से जुडे.मसलों का त्वरित निराकरण हो यह सभी कलेक्टर सुनिश्चित करें। साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग के तहत भू-अधिग्रहण एवं लंबित प्रतिपूर्ति की राशि का शीघ्रातिशीघ्र का भुगतान करें। उन्होंने 15 अगस्त से प्रारंभ हुए छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के लिए जरूरी तैयारियां सुनिश्चित करने और राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का जल्द से जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव दयानंद पी सहित संबंधित विभागों के सचिव मौजूद थे। इसी तरह जिले से जिला पंचायत के सीईओ हरेश मण्डावी, अपर कलेक्टर जितेन्द्र कुमार कुर्रे के अलावा संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

## कापसी बाजार में आवारा कुत्तों का आतंक, फौरन कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर



कापसी बाजार में आवारा कुत्तों का बढ़ता जमावड़ा ग्रामीणों और स्थानीय दुकानदारों के लिए एक गंभीर समस्या बन गया है। इन कुत्तों के आक्रामक व्यवहार से क्षेत्र में डर का माहौल है। खासकर तब जब उनका प्रजनन काल चल रहा है, जिससे उनके व्यवहार में और भी बदलाव आया है।

निवासियों का कहना है कि ये कुत्ते अक्सर समूहों में घूमते हैं और राहगीरों तथा वाहनों को घेर लेते हैं। हाल ही में एक घटना में एक चारपहिया वाहन चालक को लगभग बीस मिनट तक रुकना पड़ा, क्योंकि कुत्तों के एक झुंड ने उसे चारों ओर से घेर लिया था। चालक तब गाड़ी से नहीं उतर पाया जब तक कि कुत्ते खुद वहां से हट नहीं गए। स्थानीय दुकानदार भी इस स्थिति से परेशान हैं। एक स्थानीय दुकानदार ने बताया, इन कुत्तों के कारण ग्राहक हमारी दुकानों पर आने से डरते हैं। खासकर शाम के समय, जब ये कुत्ते और भी आक्रामक हो जाते हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से इस समस्या का जल्द से जल्द समाधान करने का अव्हान किया है। उनका कहना है कि अगर इस पर ध्यान नहीं दिया गया तो यह किसी बड़े हादसे का कारण बन सकता है।

## भवन निर्माण में मनमानी का विरोध, युवकों ने रैली निकाली और बीईओ कार्यालय को घेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



- बीईओ को हटाने सहित चार सूत्रीय मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा



क्षेत्र के युवाओं ने 4 सूत्रीय मांग को लेकर रैली निकालते हुए तहसीलदार दुर्गूकोंदल को राज्यपाल, मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा और बीईओ को हटाने की माँग किया। जिला पंचायत सदस्य देवलाल नरेटी, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष आयनू ध्रुव ने कहा कि अधिकारियों ने दुर्गूकोंदल को घर की खेती समझ लिया है। इसलिए मनमर्जी से भवन निर्माण की राशि को लीपापोती कर 100 प्रतिशत मूल्यांकन कराकर 80 प्रतिशत राशि को ठेकेदार, अधिकारी, इंजीनियर ने मिलकर गबन कर लिया है।

स्कूल मरम्मत के लिए आई करोड़ों रुपए को बंदरबांट कर जेब भर लिये हैं। इन्होंने कहा कि जब मरम्मत कार्य 20 प्रतिशत, 30 प्रतिशत हुई है, तो 100 प्रतिशत मूल्यांकन इंजीनियर ने क्यों किया,100 प्रतिशत मूल्यांकन किसके कहने पर किया गया। भवन मरम्मत के लिए आई राशि का दुरूपयोग की गई है। खानापूर्ति कर राशि को गबन किया गया है, इसकी निष्पक्ष कर जांच कर दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया जाए और भवन मरम्मत में हुई गड़बड़ी की जांच के पूर्व ही खंड शिक्षा अधिकारी दुर्गूकोंदल को तत्काल हटाई जाए, अन्यथा जांच प्रभावित होगी। घेराव पूर्व सभा में सर्व आदिवासी समाज युवा प्रभाग ब्लाक अध्यक्ष हरेश चक्रधारी, सर्व आदिवासी समाज जिला उपाध्यक्ष राजेश गोटा, युवा नेता दीपक कल्लो, उप सरपंच सुखई मुकेश गावड़े ने कहा कि विकासखंड दुर्गूकोंदल में भ्रष्टाचार चरम पर है। विकासखंड दुर्गूकोंदल में जर्जर भवन के लिए करोड़ों रुपए आबंटन मिला था, इसलिए कि सभी जर्जर भवनों की जीर्णोद्धार होगा, लेकिन भवन मरम्मत के लिए आई राशि को खंड शिक्षा अधिकारी ने ठेकेदारों को थमा दिया। अधिकारियों के संरक्षण से ठेकेदारों भवन में के लिए स्वीकृत राशि से 20 प्रतिशत राशि खर्च कर 100 प्रतिशत का मूल्यांकन कराकर 80 प्रतिशत राशि को गबन कर लिया है। हमने मौके पर जाकर देखा है, स्टीमेट आधार पर कोई कार्य नहीं हुआ है। शिक्षक और शाला प्रबंधन समिति को दरकिनार कर दबंगई दिखाकर ठेकेदार ने लीपापोती किया है। ठेकेदार के लीपापोती को इंजीनियर फाईल रंगाई पुताई कर दिया है। हम लोगों ने 7अगस्त को धरना प्रदर्शन कर शासन प्रशासन को चेतावनी दिया था, लेकिन शासन प्रशासन ने हमारी मांग को नहीं सुनी। इसलिए युवाओं ने ठान लिया, स्कूलों में करोड़ों की भ्रष्टाचार को उजागर करके रहेंगे। हमारी मांग है 30 सितंबर तक कार्रवाई नहीं हुई तो मुख्य चौक दुर्गूकोंदल में चक्काजाम करेंगे।

इस अवसर पर बल्दू दर्रो, विजय कोमरा, अश्वन दुग्गा, शंकर कुंजाम, मिथलेश शोरी, रुपेन्द्र कोर्राम, सरपंच मुकेश गावड़े, सुरेश पुडो, देवराज सलाम, मानसिंह नरेटी, संजय मरकाम, डागेश नरेटी, कोमल नरेटी, विनोद नरेटी, रमेश नरेटी, मुकेश गावडे, रूपेश जैन, कृष्णा कल्लो, परदेशी मंडावी, सगनू नरेटी, डिंपल कोमरा, खुशबू नरेटी, अमृता धुरवा, शिवसेना नेता सुकचंद मंडावी संपत सिन्हा, अमर जाड़े, मंशा वट्टी सहित बड़ी संख्या में युवाओं ने बीईओ कार्यालय घेराव में शामिल हुए।

## दही हांडी प्रतियोगिता में पीव्ही 9 चाणक्यपुरी की टीम की जीत



**पखांजुर।** कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर पुराना बाजार पखांजुर में दही हांडी फोड़ प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें तीन टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस रोमांचक मुकाबले में युवा मोर्चा मंडल पखांजुर, पीव्ही 31 हरिहरपुर, और पीव्ही 9 चाणक्यपुरी की टीमों ने अपनी ताकत और समन्वय का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता बेहद कड़े मुकाबले वाली रही, लेकिन अंततः पीव्ही 9 चाणक्यपुरी की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। उनकी जीत का जश्न देखते ही बन रहा था, जब उन्होंने सफलतापूर्वक दही हांडी को फोड़ा। विजेता टीम चाणक्यपुरी को पुरस्कार स्वरूप 13001 रुपएं नकद राशि और एक आकर्षक ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार पुराना बाजार पखांजुर आयोजन समिति के सदस्यों द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पुराना बाजार कमेटी के अध्यक्ष बिप्लब साहा, उपाध्यक्ष उत्पल दास, कोषाध्यक्ष मृणाल मंडल, सचिव विश्वजीत कर्मकार, अनंत मंडल, प्रकाश साहा, सुकलाल विश्वास, सुब्रतो कर्मकार, बिकाश साहा, सदानंद तरफदार और अरुण शील का विशेष योगदान रहा।

### पिछड़ा वर्ग समाज की आज होगी बैठक

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल के सर्व पिछड़ा वर्ग समाज ब्लाक अध्यक्ष विजय पटेल ने बताया कि सर्व पिछड़ा वर्ग एवं सर्व क्षेत्र व ब्लॉक पदाधिकारियों की आज 20 अगस्त को सुबह 11 बजे विश्राम गृह भानुप्रतापपुर में बैठक रखी गई है, जिसमें अगामी समय में 28 अक्टूबर को जिलास्तरीय कार्यक्रम दुर्गूकोन्दल में होने को लेकर चर्चा किया जाएगा।

## क्रिकेट में बरकई की टीम ने मारी बाजी



**भानुप्रतापपुर।** विकासखण्ड भानुप्रतापपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत भानबेड़ा सनराइज क्रिकेट क्लब के द्वारा टेनिस बॉल अंडर 22 क्रिकेट प्रतियोगिता रखा गया था। फाइनल मैच स्थानीय टीम सनराइज वर्सेज भानबेड़ा व बरकई बिच खेला गया, जिसमें बरकई कि टीम प्रथम स्थान प्राप्त कर फाइनल मैच जीत गई। समापन में मुख्य अतिथि रूप मे नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर, कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच भानबेड़ा ममता ठाकुर, विशेष अतिथि पूर्व भाजपा मण्डल अध्यक्ष नरोत्तम सिंह चौहान, जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष जितेंद्र पांडेय, ग्राम पटेल दुर्योधन सिंह ठाकुर, भागबाली जैन, सरजू राम जैन, गोदावरी यादव, पीलाबाई यादव, राममिलन शोरी, जग्गा नरेटी, खेमलाल साहु, कौशल्या सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहें।

## जनदर्शन में मिले 38 आवेदन पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश




**कांकेर।** जिला कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक कलेक्टर जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे आवेदकों ने अपनी विभिन्न मांगों एवं समस्याओं को लेकर कुल 38 आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने प्राप्त आवेदनों पर कार्यवाही करते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के लिए निर्देशित किया। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित कलेक्टर जनदर्शन में जनपद पंचायत चारामा के ग्राम पंचायत परसोदा के सरपंच एवं ग्रामीणों द्वारा खनिज न्यास निधि अंतर्गत टिन शेड निर्माण कार्य के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया। इसी प्रकार पूर्व माध्यमिक शाला केंवटीनटोला में नल जल कनेक्शन लगाने, राशि दिलाने, प्राथमिक शाला में शिक्षक की व्यवस्था करने, वृक्ष काटने की अनुमति, सीमांकन कराने, राशन कार्ड, दिव्यांगता प्रमाण पत्र एवं आर्थिक सहायता राशि दिलाने, हैंडपंप मरम्मत कराने सहित विभिन्न प्रकार की मांगों व समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए।

## जान जोखिम में डालकर गश्त लगा रही वन विभाग की टीम



**पखांजुर।** भारी बारिश और नदी में उफान के बीच वन विभाग की टीम अपनी जान जोखिम में डालकर गश्त कर रही है। नाव से उफनती नदियों को पार कर ग्रामीणों को हाथियों से बचाव के बारे में जागरूक कर रही हैं। यह पहल विशेष रूप से पूर्व परलकोट बांदे एवं कापसी परिक्षेत्र में की जा रही है, ताकि किसी भी अप्रत्याशित घटना को रोका जा सके। हाथी निगरानी दल ने 19 अगस्त को गश्त करके संगम उप-परिक्षेत्र के गांवों अंजाडी, मुंरडुडा, मरकाचूआ, माचपल्ली, घोड़ागांव डोटोमेटा, स्वरूपनगर, भूरका संगम पीव्ही 71, 72, 124, 131, अविनाशनगर, जयश्रीनगर, प्रतापपुर मरोड़ा आराफरसी के ग्रामीणों को सतर्क किया। टीम ने लोगों को सलाह दिया कि रात के समय अकेले बाहर न निकलें, क्योंकि हाथी अक्सर रात में ही आवागमन करते हैं। इसके अलावा किसी भी आपात स्थिति में तुरंत वन विभाग को जानकारी दे। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि कापसी परिक्षेत्र में अभी तक किसी हाथी की गतिविधि नहीं देखी गई है, लेकिन फिर भी निगरानी जारी है। यह गश्त इसी निगरानी का एक हिस्सा है। इस जोखिम भरी गश्त टीम में परिक्षेत्र अधिकारी देवदत्त तारम के साथ दल प्रभारी विजय यादव, सहायक दल प्रभारी एलआर भगत, अनिल नेताम, मुकेश, संजीव, अनिल विनोद, रूपेश, विकास और कई अन्य सदस्य शामिल थे जिन्होंने मिलकर ग्रामीणों को यह महत्वपूर्ण जानकारी दी। वन विभाग की यह कोशिश दिखाता है कि वे ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए किसी भी खतरे का सामना करने को तैयार हैं।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, ऍक्जिमा, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

